हेल्थ
होम्स
प्रोग्राम

# हेल्थ होम्स प्रोग्राम सिंहावलोकन

हल्थ होम्स प्रोग्राम (HHP) चिरकालिक स्वास्थ्य एव/अथवा मानसिक स्वास्थ्य सबधी समस्याओ वाल Medi-Cal सदस्यो को नि:शल्क अतिरिक्त सवाए प्रदान करता ह जिनकी स्वास्थ्य दखभाल आवश्यकताए बड़ी हो या जिनक पास रहन क लिए जगह न हो।.



## HHP आपकी सहायता कैसे कर सकता है?

यदि आप पात्र होते/होती हैं, तो HHP आपको स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और आपकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अन्य सहायता प्रदान करेगा। आपके पास एक टीम होगी जो इन चीज़ों में आपकी सहायता करेगी:

आपके लिए आवश्यक देखभाल प्राप्त करने की योजना बनाना

- डॉक्टर खोजना और अपॉइंटमेन्ट लेना
- आपके सभी डॉक्टरों को आपकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बारे में सूचित करना
- आपको उन सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं से जोड़ना जिनकी आपको आवश्यकता हो (जैसे आहार और निवास)

यह अतिरिक्त सेवाएं आपके वर्तमान Medi-Cal प्लान के हिस्से के रूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आपको इस समय प्राप्त होने वाली Medi-Cal सेवाओं में **परिवर्तन नहीं** होगा और उन्हें ले नहीं लिया जाएगा। आप अभी भी अपने **उन्हीं डॉक्टरों** से मिलेंगे/मिलेंगी, लेकिन अब आप **अतिरिक्त सहायता** पा सकेंगे/सकेंगी।

## HHP सेवाएं कौन प्राप्त कर सकता है?

HHP सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपको इन आवश्यकता में से सभी 3 को पूरा करना होगा:

1. Medi-Cal के managed care हेल्थ प्लान में भरती होना
2. कुछ चिरकालिक स्वास्थ्य एवं/अथवा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी स्थितियाँ होना
3. आप अस्पताल में रह चुके/चुकी हैं, इमरजेन्सी विभाग में जा चुके/चुकी हैं या आपके पास रहने के लिए जगह नहीं है

**अगर आप पात्र हों, तो HHP सेवाएं पाना या नहीं यह आपका चयन होगा**

### HHP Medi-Cal हेल्थ प्लान के सदस्यों के लिए है

HHP सेवाओं का उपयोग कर पाने के लिए आप किसी Medi-Cal हेल्थ प्लान में भर्ती होने चाहिए। अगर आपको किसी Medi-Cal प्लान में भर्ती होने में सहायता की आवश्यकता है, तो आप Health Care Options (हेल्थ केयर ऑप्शन्स) को 1-800-430-4263 पर कॉल कर सकते हैं।

## HHP सेवाएं कौन प्रदान करता है?

आपको अपनी खुद की देखभाल टीम दी जाती है जो आपके लिए आवश्यक सेवाएं प्राप्त करने में आपकी मदद करने के लिए साथ मिल कर काम करती है। आपकी देखभाल टीम का नेतृत्व एक केयर कोऑर्डिनेटर (देखभाल संयोजक) करेंगे, जो आपके लिए मुख्य संपर्क बिंदु होंगे।

आपकी देखभाल टीम में आपके चुने हुए लोग होते हैं, जैसे कि आपके:

- डॉक्टर, स्पेशियलिस्ट और नर्स
- फार्मासिस्ट और न्यूट्रिशनिस्ट
- सोशल सर्विस केस मैनेजर
- केयरगिवर और निजी सहायता प्रणाली या सपोर्ट सिस्टम





## पात्र Medi-Cal सदस्य HHP सेवाओं तक पहुँच कैसे बनाते हैं?

HHP सेवाओं तक पहुँच बनाने के 3 तरीके हैं:

1. आपके डॉक्टर, आपका Medi-Cal प्लान, या कोई अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आप से संपर्क कर सकते हैं
2. आपके डॉक्टर आपके Medi-Cal हेल्थ प्लान को बताएं कि आप पात्र हो सकते/सकती हैं
3. आप जानकारी पाने और इस बात का पता लगाने के लिए अपने Medi-Cal हेल्थ प्लान को कॉल करें कि आप पात्र हैं या नहीं

### HHP के बारे में और जानने के लिए:

1. अपने Medi-Cal हेल्थ प्लान को कॉल करें। फोन नंबर खोजने के लिए अपना Medi-Cal आईडी कार्ड देखें या bit.ly/plandirectory पर जा कर अपनी काउंटी पर क्लिक करें।
2. Health Care Options (हेल्थ केयर ऑप्शन्स) को 1-800-430-4263 (टीटीवाय 1-800-430-7077) पर कॉल करें।
3. अपने डॉक्टर या क्लिनिक से प्रोग्राम के बारे में पूछें।

**हेल्थ होम्स प्रोग्राम**
bit.ly/HHPInformation